# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us : www.prsu.ac.in E-mail- rsuexam@gmail.com

क्रमांक 38 /परीक्षा/परीक्षा आवेदन/**सेमेस्टर**/ऑनलाइन/2025 रायपुर,दिनांक 06/01/2025

## // अधिसूचना //

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्ययनशाला एवं संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत **सत्र 2024–25 (दिसंबर–जनवरी)** की निम्नलिखित सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए पात्र परीक्षार्थी ऑनलाइन पद्धति से विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:–

| पाठ्यक्रम का नाम | संपूर्ण शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि | विलंब शुल्क रू. 100/– के साथ ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| बी.एड./बी.फार्मेसी/एम.फार्मेसी–प्रथम सेमेस्टर (मुख्य/भूतपूर्व/एटीकेटी) | 06/01/2025 से 20/01/2025 तक | 21/01/2025 से 25/01/2025 तक |

### सेमेस्टर परीक्षा शुल्क–दिसंबर–जनवरी 2024–25

| कक्षा /विषय | नियमित (रू.) | भूतपूर्व (रू.) | एटीकेटी (रू.) |
|---|---|---|---|
| बी.एड. – प्रति सेमेस्टर | 1190 | 1190 | 765 |
| बी.फार्मेसी – प्रति सेमेस्टर | 2630 | 2630 | 1245 |
| एम.फार्मेसी – प्रति सेमेस्टर | 2890 | - | 2465 |

**टीप:-- परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त 30/– अग्रेषण शुल्क परीक्षा शुल्क के साथ देय होगा।**

**छात्रों के लिए ऑनलाइन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देश:–** सेमेस्टर परीक्षा (दिसंबर–जनवरी 2024–25) के लिए परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:–

1. परीक्षा फार्म भरने के लिए अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in** होगी।
2. सबसे पहले वेबसाईट में दिये गये "Create User ID" विकल्प का प्रयोग करके "User ID" बनायें।
3. Login करने के उपरांत Semester Exam. Form विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे और Online Fee Payment करें।
4. Fee Payment के बाद भरे हुए Exam. Form की हार्डकॉपी प्रिंट करके परीक्षार्थी अपने पास रखें।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाइन फार्म भरने के समय आती है,तो वेबसाईट में उल्लेखित हेल्पलाइन नंबर से अपनी समस्या का निदान कर सकते है अथवा ई–मेल द्वारा **prsuunivhelpdesk@gmail.com** पर अपनी समस्या भेज कर समाधान करें।
6. किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र में विश्वविद्यालय की एक से अधिक उपाधि/डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित होने की **पात्रता नही है** (केवल भाषा में डिप्लोमा एवं डी.सी.ए. वन इयर पार्ट टाइम पाठ्यक्रम को छोड़कर)।

Con…02

6. किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र में विश्वविद्यालय की एक से अधिक उपाधि/डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित होने की **पात्रता नही है** (केवल भाषा में डिप्लोमा एवं डी.सी.ए. वन इयर पार्ट टाइम पाठ्यक्रम को छोड़कर)।
7. परीक्षार्थियों के ऑनलाइन फार्म भरने के समय पिता/पति के नाम के कॉलम रखे गये हैं जिसमें **विवाहित महिला परीक्षार्थी जिनकी अंकसूचियों में वि.वि. प्रक्रिया के तहत उपनाम परिवर्तन हो चुका है वे ही अपने पति का नाम अंकित करें।**

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीप :–**

1. अग्रेषण शुल्क की राशि नियमानुसार महाविद्यालय/केन्द्राध्यक्ष को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जायेगी।
2. संबंधित पाठयक्रमों के अध्यादेश एवं प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन परीक्षण एवं प्रमाणित करें।
3. महाविद्यालयों के प्राचार्यो द्वारा जिन कक्षा/विषयों की सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है, उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित न किए जाएं।
4. प्राचार्य, विश्वविद्यालय के अध्यादेश में उल्लेखित न्यूनतम उपस्थिति की सत्यापन करने के पश्चात ही छात्रों के परीक्षा फार्म को ऑनलाइन अग्रेषित करेंगे। इसी प्रकार जो परीक्षार्थी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल नहीं हुये हों या सेमेस्टर के मध्य में अंतराल (गेप) हो उनके आवेदन अग्रेषित न किये जावें।
5. द्वितीय सेमेस्टर से लेकर अंतिम सेमेस्टर तक के परीक्षार्थी अपना पूर्व में आबंटित रोल नम्बर का ही उपयोग करेंगे।
6. अग्रेषणकर्ता अधिकारी परीक्षार्थियों के पूर्व वर्ष/सेमेस्टर की समस्त अंकसूचियों को अनिवार्य रूप से परीक्षण करते हुए ही परीक्षा आवेदन को अग्रेषित करें।

**टीपः–किसी अपात्र छात्र के द्वारा Online परीक्षा फार्म भरा जाता है तो उसका परीक्षा फार्म/परीक्षाफल निरस्त कर दिया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।**

आदेशानुसार,

6/1/25

**कुलसचिव**

पृ.क्र. 39 /परीक्षा/परीक्षा आवेदन/**सेमेस्टर**/ऑनलाइन/2025 रायपुर, दिनांक 06/01/2025

**प्रतिलिपि :–**

1. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों एवं विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के अंतर्गत संबंधित अध्ययनशालाओं को इस निर्देश के साथ कि वे उपरोक्त निर्धारित तिथि तक संबंधित परीक्षार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन द्वारा भरावें।
2. स.कु.स.,गोपनीय को इस निर्देश के साथ कि दिसंबर–जनवरी 2024–25 में आयोजित होने वाले वि.वि. अध्ययनशाला एवं महाविद्यालयों में होने वाले परीक्षाओं की गोपनीय तैयारी यथा शीघ्र पूर्ण कर लेवे ताकि अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा संपन्न किया जा सके।

Con…03

3. वि.क.अ. नामांकन शाखा / उ.कु.स. विकास / उ.कु.स.,अकादमिक / प्रभारी,जनसंपर्क अधिकारी, पं.र.शु.वि.वि. ,रायपुर।
4. प्रभारी,वि.वि.मुद्रणालय / प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा (गोप.) / वित्त नियंत्रक / अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / संचालक, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता, रांची–झारखंड को आवश्यक कार्यवाही हेतु,
5. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद् / समायोजन प्रकोष्ठ / परीक्षा विभाग के संबंधित कार्य सहायकों को।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर,पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर को इस सूचना के साथ कि उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।
7. कुलपति / कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।
8. संपादक समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)

D//sem.-Dec-Jan.-2024-25/-p-11-12